### ढंडारी और शेरपुर की सर्विस रोड जर्जर, जलभराव और टूटी परत से लोग परेशान

# लुधियाना-खन्ना-दिल्ली हाईवे पर गड्ढों का कहर, महंगा टोल, जानलेवा सड़कें

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़







लुधियाना से खन्ना होते हुए दिल्ली जाने वाला नेशनल हाईवे इन दिनों लोगों के लिए राहत नहीं बल्कि खतरे का सबब बन चुका है। इस व्यस्त मार्ग पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे हर दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि एक दिन में लाखों वाहनों की आवाजाही वाले इस हाईवे पर वाहन रेंगते हुए चलने को मजबूर हैं।

**हर रोज हादसों का डरः** हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों का कहना है कि रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे अचानक ब्रेक लगाने या वाहन असंतुलित होने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और छोटे कार चालकों के लिए यह रास्ता और भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई जगह तो सड़क का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह टूट चुका है और बारिश के बाद पानी भर जाने से गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है।

**महंगा टोल, बदहाल सड़कः** लुधियाना के पास स्थित लाडोवाल टोल प्लाजा को पंजाब का सबसे महंगा टोल माना जाता है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों से भारी भरकम शुल्क वसूला जाता है, लेकिन बदले में मिलने वाली सड़क सुविधा बेहद खराब है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल से गुजरते ही सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि वाहन की रफ्तार 20–30 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा नहीं रखी जा सकती।

**टैक्सी चालकों और उद्योगपतियों की परेशानीः** इस रूट पर रोजाना चलने वाले टैक्सी ड्राइवर रंजीत सिंह मंगा बताते हैं कि उनका अधिकतर काम दिल्ली एयरपोर्ट का है। "हर दूसरे दिन इसी रास्ते से जाना पड़ता है। लगभग रोज किसी न किसी वाहन को दुर्घटनाग्रस्त हालत में देखता हूं। गड्ढों से बचने में गाड़ी का सस्पेंशन और टायर दोनों खराब हो रहे हैं।

वहीं खन्ना में फैक्ट्री चलाने वाले उद्योगपति राहुल शर्मा का कहना है कि पहले लुधियाना से खन्ना पहुंचने में करीब एक घंटा लगता था, लेकिन अब सड़क की बदहाली के कारण यह समय और बढ़ गया है। सप्लाई चेन प्रभावित हो रही है, कच्चा माल और तैयार माल समय पर नहीं पहुंच पाता।

**सर्विस रोड की हालत और खराबः** नेशनल हाईवे के साथ-साथ ढंडारी और शेरपुर की सर्विस रोड की हालत भी बेहद खराब हो चुकी है। इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी हुई परत और जलभराव आम बात हो गई है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद मरम्मत का काम केवल खानापूर्ति तक सीमित रहता है।

**प्रशासन पर उठे सवालः** लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग सिर्फ कागजों में मरम्मत दिखा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हाईवे और सर्विस रोड की स्थायी मरम्मत कराई जाए, ताकि हादसों पर लगाम लग सके।

**क्या कहते हैं लोगः** स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यह रास्ता किसी बड़े हादसे का गवाह बन सकता है। लुधियाना–खन्ना–दिल्ली हाईवे पंजाब की जीवनरेखा माना जाता है, लेकिन मौजूदा हालात में यह लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है। महंगा टोल वसूलने के बावजूद अगर सड़कें सुरक्षित नहीं हैं, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या पर ठोस कार्रवाई करता है।

## लुधियाना में आईएसडब्लूएम प्रोजेक्ट पर बवाल

लक्की मेहता | लुधियाना में ठोस कचरा प्रबंधन (आईएसडब्ल्यूएम) प्रोजेक्ट को लेकर विवाद गहरा गया है। पब्लिक एक्शन कमेटी ने नगर निगम लुधियाना द्वारा 1144 करोड़ रुपये का टेंडर दोबारा जारी किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कमेटी का आरोप है कि राज्य सरकार और कैबिनेट की अनिवार्य मंजूरी के बिना टेंडर को दोबारा जारी किया गया, जो वित्तीय नियमों का उल्लंघन है। पहले 169.65 करोड़ रुपये का यह प्रोजेक्ट अब बढ़कर 1144.50 करोड़ रुपये का हो गया है, लेकिन लागत वृद्धि का कोई स्पष्ट विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया। कमेटी ने टेंडर प्रक्रिया तुरंत रोकने, सभी संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि 15 दिनों के भीतर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में ले जाया जाएगा।

## राकेश भाटिया के जन्मदिन पर लगा 6वां रक्तदान शिविर, 85 लोगों ने किया रक्तदान

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़



शहर में सामाजिक सरोकार की एक बेहतरीन मिसाल देखने को मिली। समाजसेवी राकेश भाटिया के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित छठे रक्तदान शिविर में कुल 85 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

इस मौके पर राकेश भाटिया ने स्वयं 83वीं बार रक्तदान कर सभी के लिए प्रेरणा का संदेश दिया। जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है और इससे जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है।

शिविर में अनिल भाटिया, विजय भाटिया, हैप्पी भाटिया, अमन, मनीष, संजय बंसल, राघव बंसल, अमरवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे। वहीं फ्रूट मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजन अव्वल, अमित अव्वल, पंकज मलिक और अजय कमल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।


इसके अलावा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता जगमोहन सिंह निक्कू, वार्ड नंबर 92 के प्रधान नरेंद्र आनंद, दीपक वर्मा, शुभम शर्मा और हर्षित कपूर भी शिविर में उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया।

## यूनियन बजट 2026 पर हुआ मंथन

लक्की भट्टी | टैक्सेशन बार एसोसिएशन लुधियाना द्वारा ऋषि नगर स्थित आयकर भवन में "यूनियन बजट 2026 एवं न्यू इनकम एक्ट 2025 एंड रूल्स 2026" विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के टैक्स प्रोफेशनल्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता सीए मनोज लांबा ने बजट 2026 के प्रमुख प्रावधानों, नई आयकर व्यवस्था, अनुपालन प्रक्रियाओं तथा करदाताओं के अधिकारों और दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बढ़ती अनुपालन जटिलताओं, कड़े दंडात्मक प्रावधानों और छोटे व मध्यम व्यापारियों पर संभावित अतिरिक्त वित्तीय भार को लेकर चिंता व्यक्त की। साथ ही सरकार से कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और व्यवसाय-अनुकूल बनाने की अपील की।

## सड़क पर कब्जे की शिकायत के बाद रुका काम

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शिवपुरी इलाके में बुड्ढे दरिया के पास सड़क पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। शिकायत के बाद कुछ समय के लिए काम जरूर रुका, लेकिन थोड़ी ही देर में दोबारा तेज़ी से शुरू कर दिया गया।

मामला शिवपुरी के पास बुड्ढे दरिया किनारे का है, जहां एक व्यक्ति पर सड़क के ऊपर ही चारदीवारी कर प्लॉट बनाने के लिए कब्जा करने का आरोप है। मोहल्ला निवासी राज कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 में नॉर्थ हल्के के विधायक द्वारा यहां वॉक-वे बनवाया गया था। कुछ दिन पहले विधायक के दौरे के दौरान उन्होंने साफ कहा था कि यह सड़क 35 फुट चौड़ी की जाएगी।

राज कुमार का आरोप है कि कब्जा करने वाले द्वारा दस्तावेज़ों में खसरा नंबरों से छेड़छाड़ की जा रही है। उन्होंने मांग की कि कागजात की बारीकी से जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले शिवपुरी में नई पुली के पास अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी, लेकिन कब्जाधारियों के विरोध के बाद टीम को लौटना पड़ा था। अब उसी स्थान से कुछ दूरी पर दोबारा कब्जा किया जा रहा है।

राज कुमार ने बताया कि उन्होंने निगम कमिश्नर, एमटीपी और एटीपी को व्हाट्सऐप के माध्यम से शिकायत भेजी थी। शिकायत के बाद कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रुकवाया गया, लेकिन बाद में काम फिर से शुरू हो गया। अब मोहल्ला निवासी निगम कमिश्नर से मिलकर दोबारा लिखित शिकायत देने की तैयारी कर रहे हैं।

**नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी**



वहीं दूसरी ओर, **एटीपी गुरविंदर सिंह लक्की** ने कहा कि उन्हें शिकायत प्राप्त हो चुकी है। कब्जा करने वाले पक्ष से दस्तावेज़ मंगवा लिए गए हैं और उनकी जांच की जा रही है। यदि जांच में गड़बड़ी पाई गई तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## हथियारों से युवक पर हमला, भाई और भाभी पर मामला दर्ज

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

थाना डिवीजन नंबर 4 की पुलिस ने निजी रंजिश के चलते तेजधार हथियारों से हमला करने के मामले में केस दर्ज किया है। थाना डिवीजन नंबर 4 के जांच अधिकारी किरण कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार, निवासी फतेहगढ़ मोहल्ला गली नंबर 2, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अपना गोदाम बनाया हुआ है। शिकायतकर्ता जब गोदाम से सामान उठाने गया तो वहां मौजूद उसके भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में शिकायतकर्ता की बाजू से खून निकल आया और उसके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी भाई धीरज कुमार और उसकी पत्नी आशु के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

### नशा करते युवक को पुलिस ने किया काबू

पुलिस ने गश्त के दौरान नशा करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना दरेसी के जांच अधिकारी सुखदेव सिंह ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान जब पुलिस सुंदर नगर पुली के पास पहुंची तो एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा दिखाई दिया, जो नशा कर रहा था। शक होने पर पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 10 रुपये का नोट, सिल्वर पन्नी और एक लाइटर बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विशाल सोनकर पुत्र फकीरचंद, निवासी पुरानी सब्जी मंडी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले से नशे का आदी है। उसे हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पत्नी का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा पति, दहेज और अवैध संबंधों से टूटा रिश्ता

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़



शादी जैसे पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक पति ने अपनी ही पत्नी का बाथरूम में नहाते समय न्यूड वीडियो बना लिया और फिर उसी वीडियो के जरिए उसे लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति न सिर्फ उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था, बल्कि अपनी ऊंची पहुंच की धमकी देकर चुप भी कराता था। पीड़िता के अनुसार, उसका पति अक्सर अन्य लड़कियों के साथ अवैध संबंध रखता था। हाल ही में उसके भाई ने उसे एक हिल स्टेशन पर किसी दूसरी लड़की के साथ देखा था। बताया गया कि यह घटना मनाली की है। पति की इन हरकतों को लेकर घर में लगातार तनाव बना रहता था। जब पत्नी ने विरोध किया तो उसे धमकियां दी गईं।

**बाथरूम में बनाया न्यूड वीडियो, जमीन पर नाक रगड़ने तक की दी यातनाः**

शिकायत में पत्नी ने बताया कि एक दिन पति ने सारी हदें पार कर दीं। जब वह बाथरूम में नहा रही थी, तब पति ने चोरी से उसका न्यूड वीडियो बना लिया। इसके बाद उसी वीडियो को दिखाकर वह उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोप है कि वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता और पत्नी से अपमानजनक हरकतें करवाता, कभी जमीन पर नाक रगड़ने तक के लिए मजबूर करता।

**शादी में दिया गया था भारी दहेजः** पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसकी शादी आरोपी से हुई थी। शादी में उसके पिता ने महंगी कार, सोने और डायमंड के सेट सहित रिश्तेदारों को भी गहने दिए थे। इसके बावजूद पति और उसके परिवार वाले लगातार और दहेज की मांग करते रहे। दहेज को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया और कई बार मामला मारपीट तक पहुंच गया।

**मारपीट के बाद मायके लौटी पीड़िताः**

महिला ने बताया कि जब पति मनाली से लौटा तो उसने घर में जमकर क्लेश किया और मारपीट की। हालात इतने बिगड़ गए कि उसके परिजनों को उसे मायके बुलाना पड़ा।

**पुलिस बोली- जल्द होगी गिरफ्तारीः** पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा।

## लुधियाना में नौ दिवसीय स्वदेशी उत्सव







लुधियाना स्थित पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में 21 फरवरी से एक मार्च तक नौ दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में खादी, हस्तशिल्प, मिट्टी व धातु की कलाकृतियां, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट, बाजरा और आयुर्वेदिक उत्पाद मुख्य आकर्षण होंगे। पंजाब के होजरी उद्योग के उत्पादों स्वेटर, टी-शर्ट को विशेष स्थान लगा। फोटो- लक्की भट्टी

## चंडीगढ़ रोड पर नकली शराब का भंडाफोड़

### 51 बोतलें बरामद, आरोपी लवलेश वर्मा गिरफ्तार

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



जानकारी देते एक्साइज इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह और एसएचओ भूपिंदर सिंह।

थाना मोती नगर पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ रोड स्थित जमालपुर चौक के नजदीक गलाडा पार्किंग से नकली शराब के कारोबार का पर्दाफाश किया है। इस संबंध में थाना मोती नगर के प्रभारी भूपेंद्र सिंह और आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर अमनदीप सिंह ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 17 फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी लवलेश वर्मा को सुनियोजित तरीके से चंडीगढ़ रोड पर होटल रीगल ब्लू के सामने गलाडा पार्किंग में बुलाया गया, ताकि वह मौके से फरार न हो सके। जैसे ही आरोपी अपनी कार सहित वहां पहुंचा, टीम ने घेराबंदी कर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान कार से 51 बोतल नकली शराब बरामद की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होटल रीगल ब्लू की इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं पाई गई है। कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए सिविल लाइन स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की गई, जहां से बड़ी संख्या में खाली बोतलें और ढक्कन बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से महंगी ब्रांडेड शराब की बोतलों में नकली शराब भरकर बाजार में सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की आगे की जांच जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है

**आयोजन** मंदिर प्रधान अमन जैन व चेयरमैन ऋषि जैन की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

## जोशी नगर स्थित सिद्ध पीठ में 1323वां हवन यज्ञ संपन्न

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़





सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां )में श्रंखलाबद्ध 1323 वां हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रातः सौभाग्यशाली यजमान रितेश कुमार परिवार, हरितेश कुमार परिवार व भक्तों द्वारा मंगल कामना के साथ भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। हवन यज्ञ व् संध्या चौंकी मंदिर प्रधान अमन जैन की,चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। यजमान परिवार द्वारा कराये हवन यज्ञ को मंदिर के आचार्य आचार्य पंडित विष्णु जी, पंडित देवी दयाल जी, पंडित राम जी, पंडित संजय जी, पंडित सुरेश जी, पंडित विश्राम जी, पंडित नारायण जी द्वारा पूर्ण मंत्रोउच्चारण के संम्पन कराया गया।इस अवसर पर भक्तों ने मंगल कामना के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डाल विश्व शांति की प्रार्थना की। हवन यज्ञ अवसर पर उपस्थित सभी भक्तों ने मंदिर उपप्रधान अनुज मदान को उनके जन्म दिन की शुभकानाए दी और उनका फूलों का गुलदस्ता के साथ सम्मान किया। सभी भक्तों का आभारत प्रकट करते हुए अनुज मदान ने कहा कि हमे जीवन हमारे माता- पिता से मिलता है, और जीवन जीना गुरू सिखातें हैं।

गुरू नाम मे ही सम्मान और शिक्षा का भाव होता हैं। इंसान अपने जीवन मे सब कुछ कर सकता है परंतु वो जो कर रहा हैं, वो काम सही है या नहीं ये जानने की शिक्षा हमें गुरु से मिलती है। ऐसे ही मेरे गुरूजी है प्रधान अशोक जैन जी जिनकी शिक्षा ,उपदेश,प्रेरणा से आज समाज में मान सम्मान प्राप्त है । मेरे गुरु प्रधान स्व.अशोक जैन जी आज चाहे इस दुनिया में नही है परन्तु उनकी दी हुई शिक्षा,उपदेश से इस माटी की देह को सोने का बना दिया अर्थात आज समाज में इतना मान सम्मान प्राप्त होता है उस मान सम्मान में ही मेरे गुरु जी का आशीर्वाद है और मेरे जन्म दिन का पहला क्षण मेरे गुरु जी के नाम से शुरु होगा और उनके आशीर्वाद से ही इस दास के दिन का आरम्भ होता है । मेरे जन्म दिन पर मेरे यह अमूल्य फोटो मेरे जन्म दिन का सबसे बड़ा तोहफा है जोकि मेरे श्री बालाजी भगवान की देन है और श्री बालाजी भगवान नाम मेरे गुरु जी प्रधान अशोक जैन जी की देन है और श्री बालाजी भगवान से मेरी पहली और आखिरी यही इच्छा है कि जब भी जन्म मिले मेरे गुरु जी अशोक जैन जी ही मुझे गुरु रूप में मिले।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 171